# मासिक अपराध प्रतिवेदन फरवरी 2011

माह फरवरी 2011 में राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।

राज्य में आलोच्य माह, गत माह एवं वर्ष 2010 के माह फरवरी की तुलना में (भा.द.स) भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः

## माहवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति
## (माह फरवरी 2010, जनवरी 2011 एवं फरवरी 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | फरवरी 2010 | जनवरी 2011 | फरवरी 2011 | फरवरी 2010 से फरवरी 2011 | जनवरी 2011 से फरवरी 2011 | फरवरी 2010 से फरवरी 2011 | जनवरी 2011 से फरवरी 2011 |
| 1 | हत्या | 90 | 95 | 97 | 7 | 2 | 7.78 | 2.11 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 103 | 117 | 109 | 6 | -8 | 5.83 | -6.84 |
| 3 | डकैती | 4 | 3 | 1 | -3 | -2 | -75.00 | -66.67 |
| 4 | लूट | 56 | 52 | 46 | -10 | -6 | -17.86 | -11.54 |
| 5 | व्यपहरण / अपहरण | 198 | 245 | 241 | 43 | -4 | 21.72 | -1.63 |
| 6 | बलात्कार | 92 | 147 | 140 | 48 | -7 | 52.17 | -4.76 |
| 9 | बलवा | 73 | 61 | 66 | -7 | 5 | -9.59 | 8.20 |
| 7 | नकबजनी | 398 | 449 | 399 | 1 | -50 | 0.25 | -11.14 |
| 8 | चोरी | 1831 | 2040 | 1810 | -21 | -230 | -1.15 | -11.27 |
| 10 | अन्य भा.द.सं. | 8530 | 10287 | 9382 | 852 | -905 | 9.99 | -8.80 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **11375** | **13496** | **12291** | **916** | **-1205** | **8.05** | **-8.93** |

वर्ष 2011 में 2009 एवं 2010 की तुलना में माह फरवरी तक भा.द.सं. के अन्तर्गत दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न तालिका में वर्णित हैः–

## वर्षवार आपराधिक तुलनात्मक स्थिति
## वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह फरवरी )

| क्र.सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह फरवरी तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | हत्या | 207 | 195 | 192 | -15 | -3 | -7.25 | -1.54 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 223 | 210 | 226 | 3 | 16 | 1.35 | 7.62 |
| 3 | डकैती | 10 | 7 | 4 | -6 | -3 | -60.00 | -42.86 |
| 4 | लूट | 129 | 116 | 98 | -31 | -18 | -24.03 | -15.52 |
| 5 | व्यपहरण / अपहरण | 445 | 425 | 486 | 41 | 61 | 9.21 | 14.35 |
| 6 | बलात्कार | 226 | 192 | 287 | 61 | 95 | 26.99 | 49.48 |
| 7 | बलवा | 150 | 148 | 127 | -23 | -21 | -15.33 | -14.19 |
| 8 | नकबजनी | 941 | 836 | 848 | -93 | 12 | -9.88 | 1.44 |
| 9 | चोरी | 3847 | 3546 | 3850 | 3 | 304 | 0.08 | 8.57 |
| 10 | अन्य भा.दसं. | 19051 | 17274 | 19669 | 618 | 2395 | 3.24 | 13.86 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **25229** | **22949** | **25787** | **558** | **2838** | **2.21** | **12.37** |

## निस्तारण भा.द.सं.

आलोच्य वर्ष 2011 में माह फरवरी तक भारतीय दण्ड संहिता के तहत दर्ज अपराधों के निस्तारण की स्थिति निम्नानुसार हैः–

**निस्तारण भा.द.स. वर्ष 2011 (माह फरवरी)**

| क्र सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफ.आर. अदम वकू | अदम वकू प्रतिशत | एफ.आर. अन्य | कुल एफ.आर. (4+6) | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिंग अनुसंधान | पेन्डिंग प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 192 | 12 | 27.27 | 0 | 12 | 32 | 100.00 | 148 | 77.08 |
| 2 | हत्या का प्रयास | 226 | 7 | 9.86 | 0 | 7 | 64 | 100.00 | 155 | 68.58 |
| 3 | डकैती | 4 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 4 | 100.00 |
| 4 | लूट | 98 | 2 | 5.26 | 4 | 6 | 32 | 88.89 | 60 | 61.22 |
| 5 | व्यपहरण/अपहरण | 486 | 121 | 70.35 | 3 | 124 | 48 | 94.12 | 314 | 64.61 |
| 6 | बलात्कार | 287 | 52 | 56.52 | 0 | 52 | 40 | 100.00 | 195 | 67.94 |
| 7 | बलवा | 127 | 11 | 13.58 | 0 | 11 | 70 | 100.00 | 46 | 36.51 |
| 8 | नकबजनी | 848 | 24 | 5.84 | 235 | 259 | 152 | 39.28 | 437 | 51.53 |
| 9 | चोरी | 3850 | 138 | 5.50 | 1827 | 1965 | 546 | 23.01 | 1339 | 34.78 |
| 10 | अन्य भा.द.सं | 19669 | 4259 | 31.75 | 433 | 4692 | 8722 | 95.27 | 6255 | 31.80 |
| **11** | **योग भा.द.सं.** | **25787** | **4626** | **27.48** | **2502** | **7128** | **9706** | **79.51** | **8953** | **34.72** |

o एफ.आर. अन्य– अंतिम रिपोर्ट अदमपता/ अदमसबूत।

वर्ष 2010 एवं 2011 में (माह फरवरी तक) सम्पति सम्बन्धी अपराधों के चालानी, अदम वकूआ एवं बरामदगी प्रतिशत की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

| क्र. सं. | शीर्षक | अदम वकू प्रतिशत | | चालानी प्रतिशत | | बरामदगी प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **2010** | **2011** | **2010** | **2011** | **2010** | **2011** |
| 1 | डकैती | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 0.00 | 98.93 | 73.06 |
| 2 | लूट | 15.63 | 5.26 | 81.48 | 88.89 | 57.02 | 52.32 |
| 3 | नकबजनी | 5.10 | 5.84 | 41.95 | 39.28 | 39.73 | 34.74 |
| 4 | चोरी | 6.34 | 5.50 | 19.58 | 2301 | 39.62 | 53.39 |
| **5** | **योग भादसं.** | **25.78** | **27.48** | **79.74** | **79.51** | **42.11** | **51.38** |

भा.द.सं. के तहत माह फरवरी 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधो की तुलनात्मक स्थिति एवं निस्तारण, प्रतिवेदन में संलग्न तालिका **'क'** पृष्ठ 8 से 11 एवं **'ख'** पृष्ठ 12 से 17 पर है।

वर्ष 2011 में माह फरवरी तक नकबजनी तथा कुल सम्पति सम्बन्धी अपराधों में बरामदगी प्रतिशत की जिलेवार स्थिति तालिका **'च'** पर है।

# स्थानीय एवं विशेष अधिनियम

आलोच्य माह, जनवरी 2011 एवं फरवरी 2010 में स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

## स्थानीय एवं विशेष अधिनियम – माहवार तुलनात्मक स्थिति
## (माह फरवरी 2010, जनवरी 2011 एवं फरवरी 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | फरवरी 2010 | जनवरी 2011 | फरवरी 2011 | फरवरी 2010 से फरवरी 2011 | जनवरी2011 से फरवरी 2011 | फरवरी 2010 से फरवरी 2011 | जनवरी 2011 से फरवरी 2011 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 492 | 2103 | 892 | 400 | -1211 | 81.30 | -57.58 |
| 2 | जुआ एक्ट | 1198 | 1316 | 1271 | 73 | -45 | 6.09 | -3.42 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 248 | 403 | 433 | 185 | 30 | 74.60 | 7.44 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 54 | 95 | 89 | 35 | -6 | 64.81 | -6.32 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 22 | 45 | 50 | 28 | 5 | 127.27 | 11.11 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 25 | 28 | 31 | 6 | 3 | 24.00 | 10.71 |
| 7 | अन्य एक्ट | 1015 | 1775 | 1803 | 788 | 28 | 77.64 | 1.58 |
| 8 | **योग** | **3054** | **5765** | **4569** | **1515** | **-1196** | **49.61** | **-20.75** |

## स्थानीय एवं विशेष अधिनियम – वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
## वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह फरवरी )

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह फरवरी तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | एक्साईज एक्ट | 1673 | 1668 | 2995 | 1322 | 1327 | 79.02 | 79.56 |
| 2 | जुआ एक्ट | 1820 | 2252 | 2587 | 767 | 335 | 42.14 | 14.88 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 521 | 569 | 836 | 315 | 267 | 60.46 | 46.92 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 141 | 148 | 184 | 43 | 36 | 30.50 | 24.32 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 42 | 75 | 95 | 53 | 20 | 126.19 | 26.67 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 53 | 42 | 59 | 6 | 17 | 11.32 | 40.48 |
| 7 | अन्य एक्ट | 2013 | 2011 | 3578 | 1565 | 1567 | 77.74 | 77.92 |
| 8 | **योग** | **6263** | **6765** | **10334** | **4071** | **3569** | **65.00** | **52.76** |

स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के अन्तर्गत फरवरी 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'घ'** पर दर्शायी गई है।

## निस्तारण स्थानीय एवं विशेष अधिनियम, वर्ष 2011 (माह फरवरी)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू झूंठ | अदमवकू प्रतिशत | एफ. आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | एक्साईज एक्ट | 2995 | 0 | 0.00 | 3 | 3 | 2697 | 99.89 | 295 | 9.85 |
| 2 | जुआ एक्ट | 2587 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 2550 | 100.00 | 37 | 1.43 |
| 3 | आर्म्स एक्ट | 836 | 0 | 0.00 | 3 | 3 | 701 | 99.57 | 132 | 15.79 |
| 4 | एन.डी.पी.एस. एक्ट | 184 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 57 | 100.00 | 127 | 69.02 |
| 5 | एक्सप्लोजिव एक्ट | 95 | 0 | 0.00 | 1 | 1 | 63 | 98.44 | 31 | 32.63 |
| 6 | ई.सी.एक्ट | 59 | 1 | 6.67 | 0 | 1 | 14 | 100.00 | 44 | 74.58 |
| 7 | अन्य एक्ट | 3578 | 891 | 31.63 | 224 | 1115 | 1702 | 88.37 | 761 | 21.27 |
| 8 | **योग एक्ट** | **10334** | **892** | **10.01** | **231** | **1123** | **7784** | **97.12** | **1427** | **13.81** |

## महिला अत्याचार

राजस्थान में महिला अत्याचार सम्बन्धी अपराधों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

### महिला अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति
### (माह फरवरी 2010, जनवरी 2011 एवं फरवरी 2011)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | फरवरी 2010 | जनवरी 2011 | फरवरी 2011 | फरवरी 2010 से फरवरी 2011 | जनवरी 2011 से फरवरी 2011 | फरवरी 2010 से फरवरी 2011 | जनवरी 2011 से फरवरी 2011 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 33 | 32 | 25 | -8 | -7 | -24.24 | -21.88 |
| 2 | दहेजआत्महत्याका दुष्प्रेरण | 17 | 12 | 14 | -3 | 2 | -17.65 | 16.67 |
| 3 | महिला उत्पीडन(498-A) | 576 | 920 | 793 | 217 | -127 | 37.67 | -13.80 |
| 4 | बलात्कार | 92 | 147 | 140 | 48 | -7 | 52.17 | -4.76 |
| 5 | छेड़छाड़ | 198 | 185 | 179 | -19 | -6 | -9.60 | -3.24 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 163 | 210 | 209 | 46 | -1 | 28.22 | -0.48 |
| 7 | अन्य | 52 | 59 | 72 | 20 | 13 | 38.46 | 22.03 |
| 8 | **कुल योग** | **1131** | **1565** | **1432** | **301** | **-133** | **26.61** | **-8.50** |

### महिला अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह फरवरी )

| क. स. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह फरवरी तक) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | दहेज मृत्यु | 58 | 61 | 57 | -1 | -4 | -1.72 | -6.56 |
| 2 | दहेज आत्महत्या का दुष्प्रेरण | 21 | 32 | 26 | 5 | -6 | 23.81 | -18.75 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498-A) | 1564 | 1345 | 1713 | 149 | 368 | 9.53 | 27.36 |
| 4 | बलात्कार | 226 | 192 | 287 | 61 | 95 | 26.99 | 49.48 |
| 5 | छेड़छाड़ | 395 | 329 | 364 | -31 | 35 | -7.85 | 10.64 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 359 | 360 | 419 | 60 | 59 | 16.71 | 16.39 |
| 7 | अन्य | 128 | 105 | 131 | 3 | 26 | 2.34 | 24.76 |
| 8 | **कुल योग** | **2751** | **2424** | **2997** | **246** | **573** | **8.94** | **23.64** |

- महिला अत्याचार के तहत फरवरी 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका "**ग**" पर दर्शायी गई है।

### निस्तारण स्थिति महिला अत्याचार
### (वर्ष 2011 माह फरवरी तक)

| क्र सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफ आर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दहेज मृत्यु | 57 | 5 | 35.71 | 0 | 5 | 9 | 100.00 | 43 | 75.44 |
| 2 | दहेज आत्म हत्या का दुष्प्रेरण | 26 | 4 | 36.36 | 0 | 4 | 7 | 100.00 | 15 | 57.69 |
| 3 | महिला उत्पीडन (498- A) | 1713 | 527 | 52.96 | 0 | 527 | 468 | 100.00 | 718 | 41.91 |
| 4 | बलात्कार | 287 | 52 | 56.52 | 0 | 52 | 40 | 100.00 | 195 | 67.94 |
| 5 | छेड़छाड़ | 364 | 60 | 19.80 | 0 | 60 | 243 | 100.00 | 61 | 16.76 |
| 6 | व्यपहरण / अपहरण | 419 | 108 | 73.47 | 1 | 109 | 38 | 97.44 | 272 | 64.92 |
| 7 | अन्य अभियोग | 131 | 18 | 23.38 | 0 | 18 | 59 | 100.00 | 54 | 41.22 |
| 8 | **कुल योग** | **2997** | **774** | **47.22** | **1** | **775** | **864** | **99.88** | **1358** | **45.31** |

# अनुसूचित जाति अत्याचार

आलोच्य माह, जनवरी 2011 एवं फरवरी 2010 में अनुसूचित जाति के लोगों पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न हैः–

## अनुसूचित जाति अत्याचार– माहवार तुलनात्मक स्थिति

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | फरवरी 2010 | जनवरी 2011 | फरवरी 2011 | फरवरी 2010 से फरवरी 2011 | जनवरी 2011 से फरवरी 2011 | फरवरी 2010 से फरवरी 2011 | जनवरी 2011 से फरवरी 2011 |
| 1 | हत्या | 1 | 7 | 1 | 0 | -6 | 0.00 | -85.71 |
| 2 | गम्भीर चोट | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 50.00 | 80.00 |
| 3 | बलात्कार | 12 | 21 | 11 | -1 | -10 | -8.33 | -47.62 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 2 | 2 | 0 | -2 | -2 | 200.00 | -100.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 295 | 352 | 349 | 54 | -3 | 18.31 | -0.85 |
| 7 | 3एससी / एसटी एक्ट | 6 | 11 | 7 | 1 | -4 | 16.67 | -36.36 |
| 8 | **कुल योग** | **322** | **398** | **377** | **55** | **-21** | **17.08** | **-5.28** |

## अनुसूचित जाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
## वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह फरवरी )

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग (माह फरवरी तक) | | | कमी / वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | हत्या | 8 | 7 | 8 | 0 | 1 | 0.00 | 14.29 |
| 2 | गम्भीर चोट | 6 | 11 | 14 | 8 | 3 | 133.33 | 27.27 |
| 3 | बलात्कार | 26 | 24 | 31 | 5 | 7 | 19.23 | 29.17 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 4 | 2 | 2 | -2 | 0 | -50.00 | 200.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 634 | 569 | 702 | 68 | 133 | 10.73 | 23.37 |
| 7 | 3 एससी / एसटी एक्ट | 21 | 8 | 18 | -3 | 10 | -14.29 | 125.00 |
| 8 | **कुल योग** | **699** | **621** | **775** | **76** | **154** | **10.87** | **24.80** |

अनुसूचित जाति अत्याचार के अन्तर्गत माह फरवरी 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

## निस्तारण वर्ष 2011 (माह फरवरी)

| क्रं सं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 8 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 1 | 0.00 | 7 | 87.50 |
| 2 | गम्भीर चोट | 14 | 1 | 20.00 | 0 | 1 | 4 | 100.00 | 9 | 64.29 |
| 3 | बलात्कार | 31 | 8 | 53.33 | 0 | 8 | 7 | 0.00 | 16 | 51.61 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 2 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 2 | 100.00 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 702 | 224 | 67.67 | 0 | 224 | 107 | 100.00 | 371 | 52.85 |
| 7 | 3एससी / एसटी एक्ट | 18 | 8 | 88.89 | 0 | 8 | 1 | 0.00 | 9 | 50.00 |
| 8 | **कुल योग** | **775** | **241** | **66.76** | **0** | **241** | **120** | **100.00** | **414** | **53.42** |

## अनुसूचित जनजाति अत्याचार

आलोच्य माह, माह जनवरी 2011 एवं माह फरवरी 2010 में अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार सम्बन्धी पंजीबद्ध अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न है:–

### अनुसूचित जनजाति अत्याचार माहवार तुलनात्मक स्थिति

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | फरवरी 2010 | जनवरी 2011 | फरवरी 2011 | फरवरी 2010 से फरवरी 2011 | जनवरी 2011 से फरवरी 2011 | फरवरी 2010 से फरवरी 2011 | जनवरी 2011 से फरवरी 2011 |
| 1 | हत्या | 2 | 0 | 1 | -1 | 1 | -50.00 | 0.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 1 | 1 | 0 | -1 | -1 | -100.00 | -100.00 |
| 3 | बलात्कार | 3 | 2 | 5 | 2 | 3 | 66.67 | 150.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 0 | 5 | 0 | 0 | -5 | 500.00 | -100.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 60 | 100 | 102 | 42 | 2 | 70.00 | 2.00 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 0 | 1 | 3 | 3 | 2 | 100.00 | 200.00 |
| **8** | **कुल योग** | **66** | **109** | **111** | **45** | **2** | **68.18** | **1.83** |

वर्ष 2011 में गत 2 वर्षों की तुलना में अनुसूचित जनजाति पर अत्याचार सम्बन्धी अभियोगों की तुलनात्मक स्थिति निम्न है :–

### अनुसूचित जनजाति अत्याचार वर्षवार तुलनात्मक स्थिति
### वर्ष 2009, 2010 एवं 2011 (माह फरवरी)

| क्र. सं. | शीर्षक | दर्ज अभियोग ( माह फरवरी तक) | | | कमी/वृद्धि | | प्रतिशत | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2009 | 2010 | 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 | 2009 से 2011 | 2010 से 2011 |
| 1 | हत्या | 1 | 4 | 1 | 0 | -3 | 0.00 | -75.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 1 | 4 | 1 | 0 | -3 | 100.00 | -75.00 |
| 3 | बलात्कार | 6 | 5 | 7 | 1 | 2 | 16.67 | 40.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 1 | 0 | 5 | 4 | 5 | 400.00 | 500.00 |
| 5 | पीसीआर एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 146 | 124 | 202 | 56 | 78 | 38.36 | 62.90 |
| 7 | 3 एससी/एसटी एक्ट | 3 | 0 | 4 | 1 | 4 | 33.33 | 100.00 |
| **8** | **कुल योग** | **158** | **137** | **220** | **62** | **83** | **39.24** | **60.58** |

### अनुसूचित जनजाति अत्याचार निस्तारण स्थिति वर्ष 2011 (माह फरवरी)

| कसं | शीर्षक | दर्ज अभियोग | एफआर अदम वकू | अदमवकू प्रतिशत | एफआर अन्य | कुल एफआर | चालान | चालानी प्रतिशत | पेन्डिग अनुसंधान | पेन्डेन्सी प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हत्या | 1 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 1 | 0.00 |
| 2 | गम्भीर चोट | 1 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 1 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 3 | बलात्कार | 7 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 7 | 100.00 |
| 4 | गम्भीर क्षति | 5 | 1 | 0.00 | 0 | 1 | 2 | 0.00 | 2 | 40.00 |
| 5 | पी.सी.आर. एक्ट | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0 | 0 | 0.00 | 0 | 0.00 |
| 6 | अन्य भा.द.सं. | 202 | 74 | 75.51 | 2 | 76 | 22 | 91.67 | 104 | 51.49 |
| 7 | 3एससी/एसटी एक्ट | 4 | 1 | 0.00 | 0 | 1 | 0 | 0.00 | 3 | 75.00 |
| 8 | **कुल योग** | **220** | **76** | **73.79** | **2** | **78** | **25** | **92.59** | **117** | **53.18** |

- अनुसूचित जनजाति अत्याचार के अंतर्गत माह फरवरी 2011 तक वर्ष 2010 के सापेक्ष जिलेवार दर्ज अपराधों की तुलनात्मक स्थिति तालिका **'ग'** पर दर्शायी गई है।

## निरोधात्मक कार्यवाही

आलोच्य माह, जनवरी 2011 एवं फरवरी 2010 में तथा वर्ष में गत वर्ष की तुलना में निरोधात्मक प्रावधानों के तहत की गई कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति निम्न है।

### माहवार तथा वर्ष में अब तक की गई निरोधात्मक कार्यवाही की तुलनात्मक स्थिति

| क्रसं | शीर्षक | माहवार कार्यवाही | | | वर्ष में कार्यवाही | | व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | फरवरी 2010 | जनवरी 2011 | फरवरी 2011 | वर्ष 2010 | वर्ष 2011 | व्यक्तियों की संख्या | पाबन्द | रिहा/बरी | ड्रॉप | पेन्डिग कोर्ट |
| 1 | 107/151 द.प्र.सं. | 5784 | 8259 | 9321 | 23642 | 17580 | 42543 | 34546 | 2 | 30 | 7965 |
| 2 | 109 द.प्र.सं. | 1333 | 2062 | 2134 | 2867 | 4196 | 5489 | 5306 | 0 | 0 | 183 |
| 3 | 110 द.प्र.सं. | 654 | 1288 | 3188 | 4990 | 4476 | 4476 | 3696 | 0 | 21 | 759 |
| 4 | 122 द.प्र.सं. | 19 | 52 | 54 | 71 | 106 | 114 | 51 | 0 | 0 | 63 |
| 5 | 133 द.प्र.सं. | 11 | 12 | 42 | 22 | 54 | 153 | 65 | 0 | 0 | 88 |
| 6 | 145 द.प्र.सं. | 12 | 38 | 40 | 28 | 78 | 357 | 144 | 0 | 0 | 213 |
| 7 | एच.ओ.एक्ट | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | 60 पुलिस एक्ट | 2394 | 5838 | 5728 | 5143 | 11566 | 12146 | 11132 | 0 | 0 | 1014 |
| 9 | एन.एस.ए. | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

## मानवाधिकार

वर्ष 2010 एवं 2011 में मानवाधिकार सम्बन्धी प्राप्त परिवादों की स्थिति निम्नानुसार हैः–

### परिवाद निस्तारण

| वर्ष | प्राप्त परिवाद | निस्तारण | पैण्डिंग |
|---|---|---|---|
| 2010 | 197 | 142 | 55 |
| 2011 (फरवरी) | 22 | 3 | 19 |

### सड़क दुर्घटना

| क्र.सं. | वर्ष | कुल सड़क दुर्घटनाऐं | मृतक | घायल |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2010 ( फरवरी तक) | 4096 | 1489 | 5316 |
| 2 | 2011 ( फरवरी तक ) | 3926 | 1485 | 4821 |

माह फरवरी 2011 में कुल 1881 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत माह में 2045 एवं फरवरी 2010 में 4096 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी। गत माह एवं फरवरी 2010 की अपेक्षा दुर्घटनाओं में कमी रही है।

राज्य में वर्ष 2011 में माह फरवरी तक कुल 3926 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई जबकि गत वर्ष में इसी अवधि तक 4096 सड़क दुर्घटनाऐं घटित हुई थी, गत वर्ष की अपेक्षा 170 (4.15 % ) दुर्घटनाओं की कमी रही है।

## घोषित अपराधी/मफरूर

माह में जिलेवार गिरफ्तार एवं शेष रहे वांछित अपराधियों की जिलेवार स्थिति प्रतिवेदन के अन्त में तालिका **'ड'** पर है।

आलोच्य माह में 182 घोषित अपराधी, 391 भगौड़े तथा 5116 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया। वर्ष में अब तक 210 घोषित अपराधी, 470 भगौड़े तथा 5439 स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया गया।

# उपलब्धियाँ माह फरवरी– 2011

**डकैतीः–**

- दिनांक 02.02.2011 को जिला दौसा थाना मानपुर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दो वाहनों में आये 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक कट्टा 315 बोर मय 2 कारतूस, एक चाकू, एक हॉकी, सरिये, लाठियां व लाल मिर्च पाउडर बरामद किया। उक्त अभियुक्त मेहन्दीपुर के बालाजी में दर्शनार्थ आये हुए लोगों को लूटने की योजना बना रहे थे।
- दिनांक 04.02.2011 को जिला पाली थाना रोहट पुलिस ने डकैती के दर्ज अभियोग में एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 1.40 लाख रूपये नगद, एक पिकअप वाहन, एक सोने का फूल एवं एक देशी कट्टा बरामद किया।
- दिनांक 13.02.2011 को जिला जयपुर शहर पूर्व थाना मालवीय नगर पुलिस ने इण्डोणी फाटक डकैती की योजना बनाते हुये 7 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 2 देशी कट्टे, 5 जिन्दा कारतूस, 2 लोहे के पाईप, एक बिना नम्बरी बोलेरो बरामद की।
- दिनांक 17.02.2011 को जिला सवाई माधोपुर थाना वजीरपुर पुलिस ने डकैती के दर्ज अभियोग में दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 23.02.2011 को जिला धौलपुर थाना कोतवाली पुलिस ने दौराने गश्त शेरगढ किले के पास डकैती की योजना बनाते हुए 5 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 देशी पिस्टल मय एक कारतूस, एक छूर्रा, 2 चैन व एक चाकू बरामद किया।
- माह फरवरी 2011 में जिला जयपुर ग्रामीण थाना शाहपुरा पुलिस ने अज्ञात मुलजिमानों द्वारा ट्रक के आगे स्कार्पियों गाड़ी लगाकर ट्रक में लदे 5 ट्रेक्टर ले जाने के दर्ज अभियोग में 173(8) द.प्र.सं. में वांछित 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर ट्रक में 5 ट्रेक्टर बरामद किये।

**लूटः–**

- दिनांक 05.02.2011 को जिला श्रीगंगानगर थाना जवाहरनगर पुलिस ने दिनांक 04 व 05.02.2011 को पेट्रोल पम्प एवं ठेके पर धावा बोलकर लूट की वारदात व मोबाइल लूटने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08.02.2011 को जिला श्रीगंगानगर थाना राजियासर पुलिस ने एक कार के चालक को पिस्तोल की नोक पर डरा धमका कर उसका पर्स व कार लूट कर ले जाने की घटना के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 3 अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के कब्जे से लूटा गया माल मसरूका के साथ एक 32 बोर पिस्तौल बरामद की।
- दिनांक 14.02.2011 को जिला हनुमानगढ थाना रावतसर पुलिस ने दिनांक 12.02.2011 को एक वाहन को किराये पर ले जाने व रास्ते में ड्राईवर के हाथ पैर रस्सी से बांधकर वाहन को लूट कर ले जाने के दर्ज अभियोग में त्वरित कार्यवाही करते हुए 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लूटा गया वाहन बरामद किया व दिनांक 15.02.2011 को अभियोग में लिप्त एक बाल अपचारी को और गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.02.2011 को जिला सीकर थाना सदर पुलिस ने 25 टीवी बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। अभियुक्त लगभग 7 माह पहले पीकअप में भरकर कार्टून अपने कमरे में छीपा रखे थे अनुसंधान जारी है।

**हत्याः–**

- दिनांक 01.02.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना चित्तौड़गढ पुलिस ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्षेत्र के बाईपास रोड़ पर एक अज्ञात व्यक्ति की खून आलूदा लाश के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान कुल 4 अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया। उक्त हत्या लूट की वारदात के संदर्भ में की गई।
- दिनांक 02.02.2011 को जिला श्रीगंगानगर थाना करणपुर पुलिस ने एक लडकी की लाश जो 15–20 दिन पुरानी थी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।

- दिनांक 04.02.2011 को जिला झालावाड़ थाना सदर पुलिस ने दिनांक 31.01.2011 को एक व्यक्ति की हत्या के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10.02.2011 को जिला नागौर थाना डीडवाना पुलिस ने दिनांक 09.02.2011 को अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या व लाश खेत में पाये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान 2 अभियुक्त जिसमें एक अभियुक्त मृतक की पत्नी है को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10.02.2011 को जिला बीकानेर थाना गंगाशहर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक महिला की हत्या के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17.02.2011 को जिला अलवर थाना कोटकासिम पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर में घुसकर एक महिला की हत्या कर देने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 20.02.2011 को जिला हनुमानगढ थाना हनुमानगढ जक्शन पुलिस ने दिनांक 16.02.2011 को एक महिला की लाश के दर्ज मर्ग में दौराने जांच व पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मृतका की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा गला दबाकर मारना पाया जाने पर दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को नामजद कर गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.02.2011 को जिला श्रीगंगानगर थाना सदर पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों द्वारा एक व्यक्ति की हत्या कर लाश मकान के पीछे डाल दिये जाने के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान दो अभियुक्तों को नामजद कर गिरफ्तार किया।

**नकबजनीः—**

- दिनांक 04.02.2011 को जिला श्रीगंगानगर थाना सूरतगढ पुलिस ने मैनेजर हर्ष होटल से 96400/—रूपये की चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को नामजद कर गिरफ्तार किया एवं चोरी की रकम 96400/—रूपये बरामद किये।
- दिनांक 17 व 19.02.2011 को जिला पाली थाना जैतारण पुलिस ने दो अलग—अलग नकबजनी की वारदातों में लिप्त दो अभियुक्तों के कब्जे से 40 हजार रूपये का माल मसरूका बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**ईनामी अभियुक्तः—**

- दिनांक 01.02.2011 को जिला धौलपुर थाना कोतवाली पुलिस ने एक ईनामी अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध देशी कट्टा 315बोर, एक सिंगल शाट बन्दूक 315बोर एवं 3 कारतूस बरामद किये। इस बदमाश पर उप महानिरीक्षक पुलिस आगरा यू0पी0 की तरफ से 5000 रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 01.02.2011 को जिला अलवर थाना अरावली विहार पुलिस ने लूट, डकैती जैसे जघन्य अपराधों में अन्तर्राज्जीय गिरोह के तीन ईनामी बदमाशान को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान दो अभियुक्तों के कब्जे से दो देशी कट्टा 315 बोर मय 4 कारतूस, एवं एक अभियुक्त के कब्जे से एक देशी कट्टा 12 बोर व दो कारतूस बरामद किये। उक्त तीनों अभियुक्तों में एक अभियुक्त पर 2 हजार रूपये एवं दो अभियुक्तों पर एक—एक हजार रूपये का ईनाम अलवर पुलिस द्वारा घोषित किया हुआ है।
- दिनांक 06.02.2011 को जिला अलवर थाना अरावली विहार पुलिस ने लूट डकैती जैसे जघन्य अपराधों में लिप्त अन्तर्राज्जयी गिरोह के एक ईनामी बदमाश को गिरफ्तार किया। इस अभियुक्त पर अलवर पुलिस द्वारा 2000 हजार रूपये का ईनाम घोषित है। यह अभियुक्त 6 अभियोगों में भगोड़ा घोषित है।
- दिनांक 07.02.2011 को जिला करौली थाना कुड़गांव पुलिस ने कुख्यात ईनामी डकैत को ताम्बरम बस स्टेण्ड चैन्नई से गिरफ्तार कर किया। अभियुक्त पर जिला करौली से 2000 रूपये व जिला धौलपुर से 1000 रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 8, 15, 20, 22 व 24.02.2011 को जिला धौलपुर थाना सरमथुरा पुलिस ने अलग—अलग अपराधों में लिप्त 5 ईनामी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर उनके कब्जे से एक देशी कट्टा 315 बोर व 1 कारतूस बरामद किया। इन सभी ईनामी बदमाशों पर 1000—1000 रूपये का ईनाम पुलिस अधीक्षक धौलपुर की तरफ से घोषित था।

- दिनांक 08.02.2011 को जिला धौलपुर थाना बसई डॉग पुलिस ने एक ईनामी अभियुक्त को गिरफ्तार किया। जिस पर पुलिस अधीक्षक मुरैना मध्यप्रदेश की तरफ से 5000 रूपये का ईनाम घोषित था।
- दिनांक 28.02.2011 को जिला सीकर पुलिस ने बहुचर्चित गणेश हिरासिया मर्डर काण्ड में नामजद अभियुक्त को ऑपरेशन फन्दा के तहत गिरफ्तार किया। जिस पर 1 हजार रूपये का ईनाम घोषित था।

चोरीः–

- दिनांक 03, 06, 08, 09 व 18.02.2011 को जिला पाली थाना खिवाड़ा, कोतवाली, रायपुर व सोजतसिटी पुलिस ने चोरी की अलग–अलग वारदातों में लिप्त अभियुक्तों में दौराने अनुसंधान 5 अभियुक्तों को नामजद कर 29,150/–रूपये नगद, 3 मोबाईल फोन, 20 हजार रूपये का माल मसरूका टेन्ट का सामान, एक सोने की कण्ठी, चॉदी की अगूठी व दो घड़िया बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09.02.2011 को जिला जीआरपी अजमेर थाना कोटा पुलिस ने रेल्वे स्टेशन श्रीनगर व बून्दी के बीच एक व्यक्ति के जेब से 1 लाख रूपये की चोरी करने पर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी के 68 हजार रूपये नकद बरामद किये व उसके दूसरे साथी की तलाश जारी है।
- दिनांक 20.02.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना बजाजनगर पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से चुराया गया जेवरात कीमतन 1.20 लाख रूपये के बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 21.02.2011 को जिला टोंक थाना बरोनी पुलिस ने एक एलएनटी मशीन चुरा कर ले जाने के दर्ज अभियोग में दौराने पतारसी एक अभियुक्त को नामजद कर गिरफ्तार किया व उसकी निशादेही से एलएनटी मशीन कीमतन 34 लाख रूपये की बरामद की।
- दिनांक 22.02.2011 को जिला बांसवाड़ा थाना गढी पुलिस ने खेत में से वाटर पम्प चोरी के दर्ज अभियोग में दौराने अनुसंधान एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर 10 हजार का मालमसरूका बरामद किया।

**वाहन चोरी :–**

- दिनांक 01, 02, 05, 11 व 20.02.2011 को जिला भरतपुर थाना डीग, सीकरी, नगर, जुरहरा व कामां पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी 19 अभियुक्तों से चोरी गये वाहन एक मारूती वैन, 3 ट्रेक्टर मय एक ट्रोली एवं 6 मोटरसाईकिलें बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 01, 02, 04, 05 व 25.02.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना सुभाष चौक, संजय सर्किल, रामगंज, नाहरगढ व शास्त्रीनगर पुलिस ने 9 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक जीप व 5 दुपहिया वाहन बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 09.02.2011 को जिला सवाई माधोपुर थाना गंगापुर सिटी पुलिस ने तीन अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक बौलेरो बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 18.02.2011 को जिला सवाई माधोपुर थाना गंगापुर सिटी पुलिस ने दो अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई दो मोटरसाईकिले बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनाक 23, 24 व 28.02.2011 को जिला झालावाड़ थाना कोतवाली पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए चोरी गई कुल 6 मोटरसाईकिलें बरामद कर 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.02.2011 को जिला जयपुर शहर पूर्व थाना मालवीय नगर पुलिस ने 1 अभियुक्त के कब्जे से चोरी गया एक ट्रेक्टर बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 27.02.2011 को जिला भरतपुर थाना चिकसाना पुलिस ने जरिये कन्ट्रोल रूप सूचना मिली की कुछ अज्ञात व्यक्ति फार्म ट्रेक ट्रेक्टर जिसमें पानी का टेन्कर लगा है को चुरा कर पीपला की तरफ गये है। उक्त सूचना पर थानाधिकारी चिकसाना द्वारा पीछा किया गया तो एक ट्रेकटर जाता हुआ दिखा जिसके पीछे एक कार चल रही थी जैसे ही पुलिस पार्टी ट्रेक्टर की तरफ बढ़ी कार में बैठे बदमाशों ने पुलिस पर फायर कर दिये व ट्रेक्टर की आड में कार आगे लेकर भाग गये। ट्रेक्टर में बैठे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1 कट्टा 315 बोर व एक कारतूस बरामद कर पूछताछ शुरू की तो उन्होनें अन्य 5 अभियुक्तों को नामजद किया। जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास जारी है।

- माह फरवरी 2011 में जिला दौसा थाना नांगल राजावतान, कोतवाली, बॉदीकुई, महुवा व मण्डावर पुलिस ने 4 अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गई एक रोडवेज बस, एक बोलेरो कार एवं 7 मोटरसाईकिल बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**मूर्ति चोरीः—**

- दिनांक 06.02.2011 को जिला जयपुर शहर पूर्व थाना बस्सी पुलिस ने 3 अभियुक्तों से बासखो स्थित मन्दिर से चुराई गई मूर्ति कीमतन 5 लाख रूपये की बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

**अवैध शराबः—**

- दिनांक 02.02.2011 को जिला श्रीगंगानगर थाना लालगढ़ पुलिस ने एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जारही 16 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03, 07 व 27.02.2011 को जिला जालोर थाना रानीवाड़ा व सांचोर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त व नाकाबन्दी 3 वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 7836 बोतल व 15552 पव्वे अंग्रेजी शराब, 3744 टीन बीयर बरामद कर वाहन सहित 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04 व 15.02.2011 को जिला नागौर थाना सुरपालिया व खिंवसर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दो वाहनों में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 751 कार्टून अंग्रेजी शराब एवं 295 कार्टून बीयर बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 05.02.2011 को जिला पाली थाना सेन्दड़ा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 6720 बोतल व 6768 पव्वे विभिन्न ब्राण्डों के अंग्रेजी शराब बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07.02.2011 को जिला प्रतापगढ़ थाना पीपलखूंट पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने तलाशी एक मकान से 42 कार्टून बीयर, 10 बोतल व 144 पव्वे अंग्रेजी शराब, 504 बोतल व 226 पव्वे देशी शराब, 100 लीटर हथकड़ शराब बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07 व 22.02.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना ब्रह्मपुरी, भट्टा बस्ती व नाहरगढ पुलिस ने 4 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध शराब 132 बोतल व 576 पव्वे अंग्रेजी शराब एवं 2484 पव्वे देशी शराब बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 14.02.2011 को जिला प्रतापगढ़ थाना सालमगढ पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने तलाशी खेत से 27 कार्टून बीयर, 11 कार्टून देशी मदीरा बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17.02.2011 को जिला जोधपुर ग्रामीण थाना बाप पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 14880 बोतल, 4536 पव्वे अंग्रेजी शराब एवं 6528 केन बीयर बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 23.02.2011 को जिला जोधपुर ग्रामीण थाना जाम्बा पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 5364 बोतल व 18240 पव्वे अंग्रेजी शराब तथा 5400 केन बीयर बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.02.2011 को जिला बाड़मेर थाना गुढामालानी पुलिस ने सूत्र सूचना दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 1150 कार्टूनों में कुल 27600 केन बीयर वाहन सहित बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.02.2011 को जिला डूॅगरपुर थाना बिछीवाड़ा पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 940 कार्टून अंग्रेजी शराब बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 25 व 27.02.2011 को जिला सीकर थाना कोतवाली व पाटन पुलिस ने अलग—अलग कार्यवाही करते हुए एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 65 कार्टूनों में 780 बोतल अंग्रेजी शराब एवं एक खेत से 102 बोतल, 140 अद्धे, 803 पव्वे देशी शराब एवं 12 बोतल बीयर बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 27.02.2011 को जिला बांसवाड़ा थाना अम्बापुरा पुलिस ने दौराने वाहन चैकिंग एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 8 कार्टूनों में 96 बोतल बीयर बरामद कर 2 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह फरवरी 2011 में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 892 प्रकरण दर्ज कर 925 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 79968 बोतल अंग्रेजी शराब 6283 बोतल देशी शराब 5029 बोतल कच्ची शराब एवं 55379 बोतल बीयर बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2010 माह फरवरी तक आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत 2995 प्रकरण दर्ज कर, 2962 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 182584 बोतल अंग्रेजी शराब, 28385 बोतल देशी शराब, 19231 बोतल कच्ची शराब एवं 75686 बोतल बीयर बरामद की गई।

<u>मादक पदार्थः–</u>

- दिनांक 01 व 24.02.2011 को जिला जीआरपी अजमेर थाना कोटा पुलिस ने प्लेट फार्म नम्बर एक से अलग–अलग कार्यवाही करते हुए दो अभियुक्तों के कब्जे से 900 ग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02, 05, 07, 09, 12, 15, 18, 21, 25 व 26.02.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना चित्तौड़गढ, चंदेरिया, निम्बाहेड़ा, रासमी, बेगू व रावतभाटा पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए एक रोड़वेज सहित 8 वाहनों में एवं 8 अभियुक्तों के कब्जे से 11.600 किलोग्राम अफीम, 5.655 ग्राम स्मैक, 5.37 क्विंटल डोडा चूरा एवं 10 हजार रूपये नकद बरामद कर कुल 18 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02, 04 व 10.02.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना माणक चौक व गलतागेट पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए 3 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध 1.590 किलोग्राम चरस व एक देशी कट्टा मय एक कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03.02.2011 को जिला अजमेर थाना ब्यावर सदर पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 131 किलोग्राम डोडा चूरा बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04.02.2011 को जिला सीकर थाना कोतवाली पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से अवैध एक किलोग्राम गांजा बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 10.02.2011 को जिला बाड़मेर थाना गुढामालानी पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किये जा रहे बिना लाईसेन्स 138 कट्टे कुल 2760 किलो डोडा पोस्त बरामद किया।
- दिनांक 11, 12 व 25.02.2011 को जिला श्रीगंगानगर थाना कोतवाली व जवाहरनगर पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए 3 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध 10 ग्राम स्मैक, 300 ग्राम अफीम एवं 3.00 किलोग्राम अफीम का दूध बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 12.02.2011 को जिला बीकानेर थाना जेएनवीसी पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 4 किलोग्राम अफीम का दूध बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15, 20 व 27.02.2011 को जिला पाली थाना फालना, गुढाएन्दला व देसूरी पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन की जा रही 64 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त एवं दो अन्य व्यक्तियों से 246 किलोग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद कर 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17.02.2011 को जिला हनुमानगढ थाना हनुमानगढ जंक्शन पुलिस ने दौराने नाकाबन्दी एक वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा 3.320 किलोग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। दौराने तलाशी उसके कब्जे से 32 बोर देशी पिस्टल बरामद की गई।
- दिनांक 17.02.2011 को जिला करौली थाना मासलपुर पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक अभियुक्त के खेत में अफीम के हरे पौधों की खेती वजनी करीब 3308 किलोग्राम बिना लाईसेन्स के पाये जाने पर बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

- दिनांक 26.02.2011 को जिला जालोर थाना करड़ा पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक व्यक्ति के कब्जे से अवैध 60 ग्राम अफीम बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह फरवरी 2011 में एन.डी.पी.एस. एक्ट के 89 प्रकरण दर्ज कर, 104 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 0.093 कि.ग्राम स्मैक, 2.804 कि.ग्राम चरस, 0.009 ब्राउन शुगर, 25.339 कि0ग्रा0 अफीम, 91. 170 कि0ग्रा0 गांजा व 4807.250 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

राज्य में वर्ष 2010 माह फरवरी तक एन.डी.पी.एस. एक्ट के 184 प्रकरण दर्ज कर 216 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर, 0.009 कि0 ग्राम ब्राउन शुगर, 0.467 कि.ग्रा0 स्मैक, 5.397 कि.ग्रा0 चरस 72.274 कि0ग्रा0 अफीम, 306.276 कि0ग्रा0 गांजा व 7592.390 कि0ग्रा0 डोडा पोस्त एवं अन्य सामग्री जब्त की गई।

**<u>अवैध हथियार :–</u>**

- दिनांक 01, 05, 06, 12, 15 व 20.02.2011 को जिला करौली थाना सपोटर, मासलपुर, सुरौठ, कोतवाली, हिण्डोनसिटी व सदर करौली पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी अलग–अलग कार्यवाही करते हुए 5 अभियुक्तों के कब्जे से 5 देशी कट्टे, 2 पिस्टल, 1 रिवाल्वर व 36 कारतूस तथा 3 चोरी की मोटरसाईकिले बरामद कर 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 01 व 02.02.2011 को जिला सवाई माधोपुर थाना मानटाउन व वजीरपुर पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए 4 अभियुक्तों के कब्जे से अवैध रूप से एक पिस्टल देशी, एक देशी कट्टा, एक बन्दूक व चार कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 01, 04 व 05.02.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना गलतागेट व रामगंज पुलिस ने अलग–अलग कार्यवाही करते हुए 5 अभियुक्तों के कब्जे से अवैघ एक माउजर, एक देशी कट्टा एवं तीन पिस्टल बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 17.02.2011 को जिला जालोर थाना कोतवाली पुलिस ने सूत्र सूचना पर दो अभियुक्तों के कब्जे से दो देशी पिस्टल मय 8 कारतूस बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह फरवरी 2011 में आर्म्स एक्ट के तहत 433 प्रकरण दर्ज कर 442 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 24 बन्दूकें, 66 रिवाल्वर/कट्टे, 110 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

राज्य में वर्ष 2011 में माह फरवरी तक आर्म्स एक्ट के तहत 836 प्रकरण दर्ज कर 857 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 61 बन्दूकें, 119 रिवाल्वर/कट्टे, 213 कारतूस व धारदार हथियार बरामद किये गये।

**<u>अवैध विस्फोटक :–</u>**

- दिनांक 20, 21 व 22.02.2011 को जिला सीकर थाना नीमकाथाना व पाटन पुलिस ने सयुंक्त कार्यवाही करते हुए 5 दर्ज अभियोगों में कुल 8 अभियुक्तों से 2 पेटी व 286 नग डेटोनेटर, 22 नग जिलेटिन, 1238 नग गुल्ले, 4 ट्रेक्टर मय कम्प्रेशर मय विस्फोटक सामग्री सहित बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनाक 25.02.2011 को जिला करौली थाना सदर पुलिस ने एक अभियुक्त के कब्जे से 5 बण्डल डेटोनेटर फ्यूज व एक बण्डल सैफ्टी फ्यूज बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह फरवरी 2011 में एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 50 प्रकरण दर्ज कर 53 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 5053 जिलेटिन, 4243 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

राज्य में वर्ष 2011 में माह फरवरी तक एक्सप्लोजिव एक्ट के अन्तर्गत 95 प्रकरण दर्ज कर 102 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 7553 जिलेटिन, 16308 डेटोनेटर तथा काफी मात्रा में अन्य संबंधित सामग्री एवं उपकरण बरामद किये।

जुआ/सट्टाः–

- दिनांक 01, 04, 06, 07, 08, 09, 10, 12, 14, 19 व 20.02.2011 को जिला जयपुर उत्तर थाना गलतागेट, ब्रह्मपुरी, माणक चौक, शास्त्रीनगर, रामगंज, नाहरगढ व जालुपुरा पुलिस ने सूत्र सूचना पर अलग–अलग कार्यवाही करते हुए सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेलते हुए 40 अभियुक्तों से 65930/–रूपये की जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 01, 02, 04, 05, 06, 08, 10, 12, 15, 20 व 24.02.2011 को जिला सीकर थाना कोतवाली, दांतारामगढ, नीमकाथाना, खाटुश्यामजी, रींगस, लोसल, पाटन व कोतवाली फतेहपुर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त नाकाबन्दी सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेलते हुए 40 अभियुक्तों से 35,440/–रूपये की जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 02 व 28.02.2011 को जिला टोंक थाना सदर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 4 अभियुक्तों से 14,436/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 03 व 17.02.2011 को जिला जीआरपी जोधपुर थाना जोधपुर, सादुलपुर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 7 अभियुक्तों से 925/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 07 व 15.02.2011 को जिला प्रतापगढ़ थाना अरनोद व रठांजना पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेलते हुए 4 अभियुक्तों से 7,110/–रूपये की जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08 व 19.02.2011 को जिला श्रीगंगानगर थाना जवाहर नगर, गंगानगर व सूरतगढ पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टे की खाईवाली करते हुए 11 अभियुक्तों से 51,800/–रूपये जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 22.02.2011 को जिला जयपुर पूर्व थाना बजाज नगर पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 10 अभियुक्तों के कब्जे से 81,410/–रूपये जुआ राशि, 8 मोबाइल फोन, एक टीवी, एक लेपटाप व एक रिमोट बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24.02.2011 को जिला चित्तौडगढ पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर सट्टे की खाईवाली करते हुए 14 अभियुक्तों से 13,241/–रूपये की सट्टे की राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 24 व 26.02.2011 को जिला सीकर थाना सीकर पुलिस ने दो अलग–अलग कार्यवाही करते हुए क्रिकेट मैच पर सट्टे की खाईवाली करते हुए 4 अभियुक्तों के कब्जे से 20 मोबाईल फोन, एक टीवी, दो छतरी, एक इन्वटर, 4 केलकूलेटर, मोबाइल चार्जर, 3990 नकद एवं लाखो रूपये के हिसाब–किताब की डायरी बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 25.02.2011 को जिला जालोर थाना सांचोर पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने गश्त सार्वजनिक स्थान पर जुआ/सट्टा खेलते हुए 10 अभियुक्तों से 25,060/–रूपये की जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 26 व 27.02.2011 को जिला चित्तौड़गढ पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए कुल 13 अभियुक्तों से 42554/–रूपये जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 27.02.2011 को जिला नागौर थाना लाडनू पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक मकान में टीवी पर चल रहे क्रिकेट मैच पर सट्टे की खाईवाली करते हुए 5 अभियुक्तों से 1,71,600/–रूपये सट्टा राशि, 48 मोबाइल फोन, एक लेपटाप, एक कम्प्यूटर व अन्य सामान बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- माह फरवरी 2011 में जिला टोंक थाना कोतवाली पुलिस ने जुआ/सट्टे की खाईवाली करते हुए 25 अभियुक्तों से 30,617/– रूपये जुआ/सट्टा राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- माह फरवरी 2011 में जिला जयपुर ग्रामीण थाना फुलेरा, मनोहरपुर, प्रागपुरा पुलिस ने सूत्र सूचना पर सार्वजनिक स्थान पर जुआ खेलते हुए 25 अभियुक्तों से 12,990/–रूपये की जुआ राशि बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

राज्य में माह फरवरी 2011 में जुआ एक्ट के अन्तर्गत 1271 प्रकरण दर्ज कर, 2461 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर 1 करोड़ 60 लाख 07 हजार 476 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

राज्य में वर्ष 2011 में माह फरवरी तक जुआ एक्ट के अन्तर्गत 2587 प्रकरण दर्ज कर 5379 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया जाकर, 4 करोड़, 76 लाख 06 हजार 656 रूपये की जुआ राशि बरामद की गई।

**विविधः–**

- दिनांक 01.02.2011 को जिला जोधपुर ग्रामीण थाना बाप पुलिस ने सूत्र सूचना पर सरद बड़ी शीड में सरकारी भूमि में एक टेंकर लगभग 24 फिट लम्बा 8 फिट चौड़ा एवं 8 फिट ऊँचा जमीन में गढा हुआ, जिसमें 1500 लीटर अवैध स्प्रीट भरी हुई थी को बरामद कर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 04, 27.02.2011 को जिला डूँगरपुर थाना बिछीवाड़ा पुलिस ने सूत्र सूचना पर दो वाहन में अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा गौवंश 24 गाये जिसमें दो मृत, 44 बछड़ी व 36 बछड़े बरामद कर 4 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 08.02.2011 को जिला प्रतापगढ़ थाना अरनोद पुलिस ने सूत्र सूचना पर दौराने नाकाबन्दी 1 ट्रक में अवैध रूप से परिवहन की जारी 20 टन बबूल की गीली लकड़ी बरामद कर चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 15.02.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना बड़ी सादड़ी पुलिस ने सूत्र सूचना पर दो अभियुक्तों के कब्जे से 40 किलोग्राम गीली चंदन की लकड़ी बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।
- दिनांक 21.02.2011 को जिला चित्तौड़गढ थाना भदेसर पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक वाहन में अवैध रूप से कत्ल खाने ले जाई जा रही गौवंश 50 गायें जिसमें एक मृत को बरामद कर एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया व दो अभियुक्त अन्धेरे का फायदा उठाकर भाग गये।
- दिनांक 24.02.2011 को जिला झुन्झुनू थाना मुकुन्दगढ पुलिस ने सूत्र सूचना पर एक मोटरसाईकिल पर सवार एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर अवैध रूप से परिवहन की जा रही 2.65 लाख रूपये हवाला राशि व मोटरसाईकिल बरामद कर अभियुक्त को गिरफ्तार किया।

## उपसंहार

आलोच्य माह के मासिक अपराध प्रतिवेदन की समीक्षा से स्पष्ट है कि माह में प्रदेश के आपराधिक परिदृश्य में कोई अप्रत्याशित परिवर्तन परिलक्षित नहीं होता है एवं राज्य की अपराध स्थिति सामान्य एवं नियंत्रण में रही है।